हिंदी दैनिक

# न्यूज़ वायरस

वर्ष : 12 अंक : 138 | देहरादून, बुधवार 22 नवंबर, 2023 | मूल्य : एक रुपया | पृष्ठ : 08



अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला में मातृशक्ति व युवा साथियों ने सामर्थ्य दिखाया : सौरभ बहुगुणा 3

# 30 नवंबर तक सड़कों को गड्ढ़ा मुक्त न किया तो सख्त कार्रवाई : धामी

## मुख्यमंत्री ने सचिव लोक निर्माण विभाग एवं अन्य सर्कल ऑफिसरों को सड़कों का स्थलीय निरीक्षण करने के दिये निर्देश





**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून , 22 नवंबर , मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सचिवालय में लोक निर्माण विभाग की बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिये कि 30 नवम्बर तक सड़को को पूर्ण रूप से गड्ढा मुक्त बनाया जाय। सचिव लोक निर्माण विभाग एवं अन्य सर्कल ऑफिसर सड़कों का स्थलीय निरीक्षण करें। उन्होंने निर्देश दिये कि निर्धारित समयावधि में सड़को के गड्ढ़ा मुक्त न होने की स्थिति में और कार्यों के प्रति किसी भी प्रकार की लापरवाही पर संबंधित अधिकारियों पर मौके पर ही निलंबन की कार्रवाई की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि वे कभी भी सड़कों के निर्माण कार्यों एवं पैच वर्क से संबधित कार्यों का औचक निरीक्षण कर सकते हैं।

**मुख्यमंत्री ने सड़कों पर डिवाईडर, रिफ्लेक्टर, साइनेज लाईटिंग की अच्छी व्यवस्थाएं रखने के भी दिये निर्देश**

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि स्मार्ट सिटी के कार्यों और आतंरिक सड़क मार्गों के कार्यों में भी युद्धस्तर पर कार्य किये जाएं। शहर में सड़कों के निर्माण कार्य रात्रि के समय तेजी से किये जाएं। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये जो भी सड़के बनाई जा रही हैं, उनमें गुणवत्तापूर्वक कार्य हो, इसकी निगरानी के लिए सचिव लोक निर्माण विभाग को नोडल अधिकारी बनाया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि जहां पर भी निर्माण कार्य प्रगति पर है वहां पर बैरिकेटिंग सही तरह से लगे, इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए कि लोगों को आवागमन के लिए अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े। सड़कों पर डिवाईडर, रिफ्लेक्टर, साइनेज लाईटिंग की अच्छी व्यवस्थाएं रखने के निर्देश भी मुख्यमंत्री ने दिये।

मुख्यमंत्री ने कहा कि देहरादून में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट और आपदा प्रबंधन पर 6वीं अन्तरराष्ट्रीय कांग्रेस दो बड़े आयोजन होने इसके दृष्टिगत भी सभी तैयारियां समय पर पूर्ण कर ली जाएं। लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि जिन क्षेत्रों में पानी का बहाव अधिक होता है, ऐसे क्षेत्रों में व्हॉइट टापिंग तकनीक का प्रयोग किया जाए। सड़कों से संबंधित जो भी योजनाएं बनाई जा रही हैं, वे आगामी 50 साल की परिस्थितियों को ध्यान में रखकर बनाई जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि यह भी सुनिश्चित किया जाए की सड़कों पर बिजली के तार न झूल रहे हों। सड़कों के चौड़ीकरण के दौरान बिजली के पोल को भी सड़कों से बाहर शिफ्ट किया जाए। सड़कों पर किसी को भी अतिक्रमण न करने दिया जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड में पर्यटन एवं तीर्थाटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण राज्य है। राज्य में पर्यटकों और श्रद्धालुओं की संख्या में हर साल तेजी से वृद्धि हो रही है। इसके लिए रोड कनेक्टिविटी का मजबूत होना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि सड़कों के विस्तार और विद्युत उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए हमें तेजी से आगे बढ़ना होगा।

### सिलक्यारा में राहत एवं बचाव में जुटी एजेंसियों को दी जाए हर संभव मदद

मुख्यमंत्री ने बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिये कि सिलक्यारा उत्तरकाशी में निर्माणाधीन सुरंग में फंसे श्रमिकों के राहत एवं बचाव कार्यों में लगी एजेंसियों को हर संभव मदद दी जाए। श्रमिकों के परिजनों से भी निरंतर समन्वय स्थापित कर उन्हें हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जाए। जिला प्रशासन उत्तरकाशी के साथ लगातार समन्वय बनाकर किसी भी प्रकार की आवश्यकता पड़ने पर शीघ्र सहायता करने के भी निर्देश मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सभी विभाग राहत और बचाव कार्य में लगी टीमों के साथ समन्वय बना कर रखें।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंची चकराता के मोहना और जोगियो

- कार्यक्रम में सरकारी योजनाओं के लाभार्थी सुना रहे अपनी कहानी
- स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित कैंप में ग्रामीणों ने करवाया मुफ्त चेक अप



**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून , 22 नवंबर , उत्तराखंड के देहरादून और उधमसिंह नगर जिलों के जनजातीय क्षेत्रों में विकसित भारत संकल्प यात्रा का क्रम जारी है। इसी कड़ी में देहरादून के चकराता ब्लॉक में ग्राम मोहना और जोगियो में संकल्प यात्रा का रथ पहुंचा, जिसका ग्रामीणों ने स्वागत किया। इस कार्यक्रम में बिजली, बाल विकास, स्वास्थ्य आदि विभाग उपस्थित रहे। इन विभागों द्वारा कार्यक्रम में स्टॉल्स भी लगाए गए थे, जिससे लोग जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी ले कर लाभान्वित हो सकें। संकल्प यात्रा के दौरान ग्रामीणों ने विकसित भारत बनाने की शपथ भी ली। इस दौरान मौजूद लोगों को मानीनय राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विकसित भारत को लेकर संबोधन सुनाया गया।

मेरी कहानी, मेरी जुबानी

विकसित भारत सकंल्प यात्रा में विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभार्थी अपनी कहानी के माध्यम से बता रहे हैं कि कैसे योजनाओं का लाभ लेकर उनकी जिंदगी बदल रही है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के लाभार्थी मोहना निवासी लेख सिंह चौहान ने बताया कि इस योजना से मिलने वाली धनराशि से उन्हें कृषि उपकरण और जरूरी सामान खरीदने में मदद मिल रही है। उन्होंने कहा कि इस योजना से सभी छोटे किसान लाभांवित हो रहे हैं। आयुष्मान भारत योजना के मोहना ग्राम के निवासी श्री रमेश ने बताया कि कुछ महीने पहले वह बीमार हो गए थे। उस वक्त आयुष्मान भारत योजना कार्ड के माध्यम से देहरादून में उनका मुफ्त इलाज संभव हो पाया था। उन्होंने बताया कि गांव के अन्य लोग भी आयुष्मान योजना का लाभ उठा रहे हैं। हेल्थ कैंप का ग्रामीण उठा रहे लाभ सकंल्प यात्रा के दौरान ग्राम मोहना और जोगियो में स्वास्थ्य विभाग द्वारा हेल्थ कैंप भी लगाया गया। कैंप में ग्रामीणों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। इस दौरान ग्रामीणों की शुगर, बीपी आदि जांच की गई।

# पति-पत्नी के झगड़े में घी हैं ये आदतें !

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 22 नवंबर , पति-पत्नी के रिश्ते में थोड़ी बहुत नोक-झोंक तो लगी ही रहती है। लेकिन जब छोटी-छोटी नोक-झोंक बड़े झगड़े का रूप ले लेती है, तो वहां उनका साथ रहना मुश्किल हो जाता है। ऐसे में कपल्स द्वारा कुछ ऐसी बातें भी बोली जाती हैं, जो आग में घी डालने का काम करती हैं। इस दुनिया में ऐसा कोई भी कपल नहीं है, जो चाहता हो हमारे बीच झगड़ा हो या किसी वजह से उनका रिश्ता खराब हो। लेकिन कहते हैं ना कि चीजें हमारे हाथ में नहीं होती। बिल्कुल ऐसा ही पति-पत्नी के रिश्ते में भी है।

कभी-कभी परिस्थितियां न चाहते हुए भी ऐसी पैदा हो जाती हैं कि उनके बीच छोटा सा झगड़ा बड़ा रूप ले लेता है और बात तलाक के दरवाजे तक पहुंच जाती है। हालांकि, छोटी-छोटी नोक-झोंक तो हर शादीशुदा रिश्ते में लगी ही रहती है और कपल्स भी उसे सुलझाकर आगे बढ़ जाती हैं। लेकिन दिक्कत तो तब होने लगती है, जब छोटी में लड़ाई में पति या फिर पत्नी की तरफ से ऐसी बातें बोल दी जाती हैं, जिन्हें बर्दाश्त करना दोनों में से किसी के लिए भी आसान नहीं होता। ऐसे में आज हम आपको उन चीजों के बारे में बता रहे हैं, जो आपके जीवनसाथी के साथ आपके विवादों को बद से बदतर बना सकती हैं।

बात करते-करते चिल्लाना

यह कहना गलत नहीं होगा कि जब आप अपने साथी से नाराज होते हैं और आपको लगता है कि वह आपकी बात नहीं सुन रहा है, तो आप अपनी आवाज को तेज कर लेते हैं। इस दौरान आप अपनी बात साबित करने के लिए या तो चिल्लाने लगते हैं, जोकि बिल्कुल भी सही नहीं है।

यह न केवल आपके रिश्ते को खराब कर सकता है बल्कि बात तलाक तक भी पहुंच सकती है। ऐसे में जब भी आप अपने साथी के साथ बहस करें, तो शांतिपूर्ण समाधान के लिए गलत भाषा का उपयोग बिल्कुल न करें।

एक-दूसरे को दोष देना

झगड़ा होने का मतलब यह बिल्कुल नहीं है कि आपका रिश्ता टॉक्सिक या खराब है। लेकिन लड़ाई होने के बाद एक-दूसरे को दोष देना सही नहीं है।

अगर आप छोटी-छोटी चीजों को पकड़कर बैठ जाते हैं और झगड़ा करते हैं, तो यह आपके बीच के रिश्ते को खटास से भर सकता है। इस दौरान एक-दूसरे की गलती गिनाने के बजाए समझदारी दिखाकर मामले को शांत करना ही सबसे अच्छा है।

बात को बीच में छोड़ देना

बहस के दौरान एकदम से चुप हो जाना या खुद को अलग कर लेना या फिर समस्या के निष्कर्ष पर पहुंचने से पहले ही शांत हो जाना,




कोई समाधान नहीं बल्कि आग में घी डालने जैसा है। यह आपके रिश्ते पर बुरा असर डाल सकता है। आपके ऐसा करने से आपके पार्टनर को लगेगा कि आप उनसे दूर भाग रहे हैं। आपके इस बर्ताव से न केवल समस्या ज्यादा बढ़ जाएगी बल्कि रिश्ते में पहले जैसी बात भी नहीं होगी।

एक-दूसरे को अपना दुश्मन मान लेना

पति-पत्नी के बीच बेवजह रोज-रोज झगड़े होना उनके रिश्ते को कमजोर तो करता ही है। लेकिन जब वह एक-दूसरे को अपना दुश्मन मान लेते हैं, तो वहां बड़ी समस्या पैदा हो जाती है। इस दौरान वह भूल जाते हैं कि वह एक ही टीम में हैं। अगर किसी एक भी चोट पहुंचेगी, तो इसका असर उनकी शादी पर पड़ेगा।आपको बता दें कि एक-दूसरे के खिलाफ होना किसी भी समस्या को सुलझाना नहीं बल्कि उसे बहुत ज्यादा उलझा देगा। ऐसा करने से आपका रिश्ता अंधकार की तरफ चला जाएगा और मामला हाथ से निकल जाएगा।

# बच्चों को सालभर सेहतमंद रखने के लिए सर्दियों में खिलाएं ये डाइट



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 22 नवंबर , सर्दी के मौसम में डाइट में मोटे अनाज यानी बाजरा, मक्का, चना के अलावा लड्डुओं, देसी घी, शलजम, चुकंदर, मूली, तिल, सरसों का साग, मेथी, पालक आदि की डिमांड बढ़ जाती है। सर्दी के मौसम में डाइट में मोटे अनाज यानी बाजरा, मक्का, चना के अलावा लड्डुओं, देसी घी, शलजम, चुकंदर, मूली, तिल, सरसों का साग, मेथी, पालक आदि की डिमांड बढ़ जाती है। हालांकि बच्चे इनके प्रति नाक और मुंह बनाने लगते हैं। लेकिन यह मौसम ऐसा है जब जितनी गर्म तासीर की चीजें खाई जाएं वे आसानी से शरीर में पच जाती हैं। ऐसे में इन चीजों को वैरायटी फूड बनाकर भी दे सकते हैं।

आइए जानते हैं बच्चों की सेहत बनाने वाली हेल्दी डाइट के बारे में

लिक्विड डाइट

ठंडे पेय पदार्थ इस मौसम में गला खराब कर देते हैं। ऐसे में बच्चों को टमाटर, चुकंदर, पालक या अन्य मिक्स सब्जियों का सूप दे सकते हैं। नारियल पानी के अलावा टमाटर आदि का सूप दे सकते हैं।

स्टफ्ड परांठा

हरी पत्तेदार सब्जियों से अक्सर बच्चे परहेज करते हैं। पालक, मेथी, बथुआ, सरसों के साग को आप आटे में मिक्स कर परांठा बनाकर दे सकते हैं। इन्हें चाहें तो टमाटर या हरे धनिए की चटनी के साथ दें।

रोटी की जगह बनाएं टिक्की

बाजरे और मक्के के आटे से बनी रोटी या टिक्की पोषक तत्त्वों की खान हैं। इन टिक्कियों में आप चाहें तो पालक, मेथी, बथुआ या अन्य मौसमी सब्जियों को कसकर या बारीक काटकर मिक्स कर सकते हैं। मक्का और बाजरे के अलावा बच्चों को मल्टीग्रेन आटे ( गेहूं, रागी, बाजरा, ओट्स, चना, ज्वार, जौ, सोयाबीन ) से तैयार रोटी, ढोकले और टिक्की भी दे सकते हैं। सेहतमंद होने के अलावा यदि स्वाद से भरपूर बनाना चाहते हैं तो हरे धनिए की चटनी के साथ दें।

टेस्टी लड्डू

जरूरी नहीं कि सर्दियों में बच्चों को गोंद, सूखे मेवे या आटे से बने लड्डू ही खिलाए जाएं। अक्सर बच्चे इनसे जी भी चुराते हैं। चाहें तो उन्हें इन लड्डू में खजूर, तिल, नारियल, दूध, चॉकलेट या वनीला फ्लेवर डालकर भी दे सकते हैं। इसके अलावा मुरमुरा लड्डू की वैरायटी बदलकर भी खिला सकती हैं। इन लड्डुओं की खास बात है कि इनमें देसी घी अच्छे से डलता है जिन्हें सर्दियों में बच्चों का शरीर आसानी से पचा लेता है। शारीरिक व मानसिक ताकत मिलती है।

ये भी खाएं

सेहतमंद रहने का अच्छा विकल्प है स्प्राउट्स। अंकुरित चना और मूंग खासतौर पर दें। बच्चों को बाजरे या मक्के की खिचड़ी, मौसमी सब्जियों का सलाद दे सकती हैं। इस मौसम में हलवा सभी पसंद करते हैं। ऐसे में गाजर, लौकी, आलू का हलवा खिलाएं। चाय या दूध के साथ खाई जाने वाली बेसन की पकौड़ी को और पौष्टिक बनाने के लिए इसमें पालक, मेथी, पत्तेदार प्याज, चुकंदर काटकर डाल सकती हैं।

# बना ऐसा हेलमेट, हादसा होने पर खुद बुला लेगा एम्बुलेंस



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 22 नवंबर , भारत में सबसे ज्यादा मौतें सड़क हादसों में होती हैं। एक सर्वे के मुताबिक देश में हर घंटे पर 53 एक्सीडेंट होते हैं। देश में मजबूत कानून और हेलमेट की अनिवार्यता किए जाने के बावजूद भी सड़क हादसों में लोगों की जान चली जाती है, लेकिन अगर कोई कहे कि देश में अब एक ऐसा हेलमेट बन चुका है, जो एक्सीडेंट होने पर खुद एम्बुलेंस को बुला लेगा। यह कारनामा आईटीएम गिड़ा गोरखपुर मैकेनिकल सेकेंड ईयर के तीन छात्रों ने कर दिखाया है।

**डॉक्टर को भी कॉल करेगा**

शुजीत यादव, शुभम कुमार और आदित्य यादव ने मिलकर अपने अपने डिपार्टमेंट के एचओडी विनीत राय के नेतृत्व में एक ऐसा हेलमेट तैयार किया है, जो ना केवल सड़क दुर्घटना में आप के जान की सुरक्षा करेगा बल्कि दुर्घटना होने पर आप के परिवार व डॉक्टर को भी कॉल करेगा, जिससे समय रहते दुर्घटना होने पर वाहन चालक का इलाज कर उसकी जान बचाई जा सकेगी। इसके साथ ही छात्रों द्वारा बनाया गया हेलमेट वायु प्रदुषण से भी आप को बचाता है। छात्रों ने हेलमेट को 'पी.पी. एच. पोलुशन प्रोटेक्शन हेलमेट' का नाम दिया है।

**कैसे काम करता है हेलमेट ?**

हेलमेट को इस तरह से तैयार किया गया है, मोटरसाइकिल चलाते वक्त हेलमेट में लगे डिवाइस को मोबाइल से कनेक्ट करना होता है। कनेक्ट होने पर हेलमेट में लगा डिवाइस एक्टिव हो जाता है, हेलमेट में एक इमरजेंसी बटन लगा है, जिसे दबाने पर एम्बुलेंस डॉक्टर या परिवार के सदस्य के नंबर पर कॉल चला जाता है, जिससे समय रहते दुर्घटना में घायल व्यक्ति को अस्पताल पहुंचा कर उनकी जान बचाई जा सकती है। वहीं यह हेलमेट सड़क हादसों से तो बचाएगा ही साथ ही बढ़ते वायु प्रदुषण से भी राहत देगा। बता दें कि हेलमेट के ऊपरी हिस्से में एक एयर फिल्टर लगा है, जो प्रदूषित वायु को फिल्टर कर हेलमेट के अंदर शुद्ध हवा पहुंचता है। बता दें कि हेलमेट में, ब्लूटूथ मॉडुल, 3,7 वोल्टेज बैटरी, एयर फिल्टर, रेड इंडिकेटर हेलमेट, का प्रयोग किया गया है।

# अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला में मातृशक्ति व युवा साथियों ने सामर्थ्य दिखाया : सौरभ बहुगुणा




न्यूज़ वायरस नेटवर्क

नई दिल्ली , 22 नवंबर , दिल्ली के प्रगति मैदान में आयोजित 42वाँ भारत अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला-2023 में उत्तराखण्ड दिवस समारोह के अवसर पर प्रगति मैदान के नाट्यशाला में सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उत्तराखण्ड सरकार में कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा उपस्थित रहे और व्यापार मेले में लगे उत्तराखण्ड पवेलियन व सांस्कृतिक संध्या कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्जवलित करके किया।

उत्तराखण्ड दिवस समारोह को सम्बोधित करते हुए सौरभ बहुगुणा ने कहा कि मुझे प्रसन्नता है कि देवभूमि वासियों ने अपने अनुभव से देश-विदेश में राज्य को गौरवांवित किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने राज्य को आगे बढ़ाने को लेकर जो सपना देखा है उसे साकार करने में हमें अपना योगदान देना चाहिए और मिलकर काम करना चाहिए। उत्तराखण्ड राज्य की जो प्रतिभा-सामर्थ्य है उसे हम सबको एकत्रित होकर देश-विदेश के सामने प्रस्तुत करने का काम करें। सौरभ बहुगुणा ने प्रधानमंत्री के 'वोकल फॉर लोकल' और 'वन प्रोडक्ट वन डिस्ट्रिक्ट' आह्वान की चर्चा करते हुए कहा कि दूरस्थ दुर्गम क्षेत्रों से आई हमारी मातृशक्ति व युवा साथियों ने स्टॉल लगाकर अपना सामर्थ्य दिखाया है।

कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने कहा कि पिछले पौने दो साल में सरकार ने उत्तराखण्ड के उत्पादों, दुर्गम क्षेत्रों की मातृशक्ति को रोजगार से जोड़ने, किसानों की आय दोगुनी को लेकर नीतियां बनाई हैं। इसका लाभ मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में धरातल पर दिखाई दे रहा है। सौरभ बहुगुणा ने कहा कि उत्तराखण्ड के हमारे प्रवासी भाई-बहन राज्य के ब्राण्ड एम्बेसडर हैं और आप लोग उत्तराखण्ड के बाहर रहकर भी राज्य का नाम रोशन करते हैं और योगदान देते हैं। बहुगुणाा ने चारधाम यात्रा का जिक्र करते हुए कहा कि इस बार रिकॉर्ड 55 लाख लोगों ने बदरीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री धाम की यात्रा की है। हाल ही में प्रधानमंत्री पिथौरागढ़ आए थे और जिस तरह से पूरी दुनिया ने नरेन्द्र मोदी को आदि कैलाश यात्रा करते हुए देखा इसके बाद अब अगली भव्य यात्रा कुमाऊं में होगी।





आज प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में ऑल वेदर रोड़ से चारों धाम को जोड़ पाए हैं और ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल नेटवर्क लगभग 60 प्रतिशत पूरा हो चुका है जब लोगों तक विकास पहुंचेगा तो लोग अपने गांवों में रहकर काम करेंगे, इससे पलायन की समस्या से निजात मिल पाएगी।

इस वर्ष उत्तराखण्ड पवेलियन में 36 स्टॉल लगाए गए हैं जिनमें हरिद्वार, देहरादून, नैनीताल, अल्मोड़ा, उत्तरकाशी, पौड़ी गढ़वाल, चम्पावत, चमोली और टिहरी जिलों के हस्तशिल्प व हथकरघा के अलावा राज्य पर्यटन, खादी बोर्ड और औद्योगिक बोर्ड के भी स्टॉल मौजूद हैं। उत्तराखण्ड हथकरघा व हस्तशिल्प विकास परिषद के अधीन हिमाद्रि ने भी स्टॉल लगाया है। इसके अतिरिक्त दिसम्बर माह में आयोजित होने वाले उत्तराखण्ड ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट की भी झलक देखने को मिल रही है। पवेलियन में लगे स्टॉल में ऋषिकेश के स्टोन और पहाड़ों पर होने वाली जैविक दाल गहथ, उड़द, लोबिया, काली, सफेद भट, नौरंगी व तोर की अधिक मांग है। इसके अलावा अल्मोड़ा की सुप्रसिद्ध बाल मिठाई दिल्ली में रहने वाले उत्तराखण्ड के निवासियों के अलावा दूसरे राज्यों के लोगों को खूब लुभा रही है और इसे लोग बढ़-चढ़कर खरीद रहे हैं। कपड़ों के स्टॉल में प्रमुख रूप से हरिद्वार की लोई शॉल, ऊनी कपड़े आकर्षण का केन्द्र बने हुए हैं और लोहाघाट की लोहे की कढ़ाई और अन्य वस्तुएं भी उपलब्ध हैं। इस वर्ष भारत अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला-2023 की थीम ₹वसुधैव कुटुंबम्(United By Trade)₹ रखी गई है।

इस अवसर पर कार्यक्रम में स्थानिक आयुक्त उत्तराखण्ड अजय मिश्रा, संस्कृति निदेशक बीना भट्ट, मीडिया कोऑर्डिनेटर मदन मोहन सती, विशेष कार्याधिकारी (राज्य सम्पति) रंजन मिश्रा, पैवेलियन निदेशक प्रदीप नेगी आदि उपस्थित थे।

# बीमार हरदा का हाल जानने अस्पताल पहुंचे प्रीतम सिंह और सूर्यकान्त धस्माना



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून , 22 नवंबर , देहरादून के मैक्स अस्पताल में दो दिनों से भर्ती अस्वस्थ चल रहे कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत का हाल चाल जानने के लिए एआईसीसी की केंद्रीय चुनाव समिति के सदस्य विधायक प्रीतम सिंह व उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना तथा हरिद्वार के कांग्रेस नेता संजय पालीवाल आज अस्पताल पहुंचे व उनकी कुशलसेम पूछी। पूर्व मुख्यमंत्री ने प्रीतम सिंह व धस्माना से सिलक्यारा सुरंग में फंसे श्रमिकों व बचाव कार्य के बारे में जानकारी ली।

प्रीतम सिंह ने पूर्व मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि वे अपने स्वास्थ्य के बारे में गंभीरता से पूरा परीक्षण करवाएं और चिकित्सकीय सलाह पर अपना इलाज करवाएं। उन्होंने पूर्व सीएम हरीश रावत से कहा कि आपकी सेवाओं की उत्तराखंड राज्य को अभी बहुत जरूरत है इसलिए पूर्ण रूप से स्वस्थ होने पर ध्यान दें। मैक्स अस्पताल में पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत की कुशलसेम लेने पहुंचे कांग्रेस केंद्रीय चुनाव समिति के सदस्य विधायक प्रीतम सिंह व प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना के साथ वरिष्ठ नेता संजय पालीवाल भी मौजूद रहे।

## फुटबाल में नैनीताल रहा विजयी

पौड़ी। विद्यालयी शिक्षा विभाग की तीन दिवसीय राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता बालिका अंडर 17 अंडर 19 प्रतियोगिता कंडोलिया मैदान में शुरू हो गई। प्रतियोगिता का पहला मुकाबला अंडर-19 में देहरादून व नैनीताल के बीच खेला गया। जिसमें दोनों टीम एक-एक की बराबरी पर रही। दूसरा मैच अंडर 17 नैनीताल व टिहरी के बीच खेला गया जिसमें नैनीताल ने टिहरी को 10- 0 से हरा दिया। तीसरा मैच अंडर-19 पौड़ी व देहरादून के बीच खेला गया। जिसमें दोनों ही टीम बराबरी रही। इससे पूर्व प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष यशपाल बेनाम, विशिष्ट अतिथि एडी माध्यमिक शिक्षा एसबी जोशी, सीईओ दिनेश चंद्र गौड़, संदीप काला, सुभाष ने किया। प्रतियोगिता में मुख्य निर्णयाक की भूमिका में सुनील रावत, राजेंद्र रावत, सुरेंद्र रावत, महिपाल लिंगवाल, अजय जैन, कमल उपरेती, विवेक कपरवाण, सुरेंद्र नेगी, जगमोहन नेगी, योगंबर नेगी, राजीव रावत, कमल रावत, भास्कर रावत, नरेश जुयाल, बबीता रावत, मालिनी, अनीता बिष्ट, धर्मेंद्र नेगी, सतीश कंडारी, संग्राम सिंह नेगी,विवेक कुकरेती प्रमोद नेगी आदि ने निभाई।

## चरस के साथ रिटायर्ड फौजी गिरफ्तार

पौड़ी। धुमाकोट पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक रिटायर्ड फौजी से चरस व एक अन्य युवक से गांजा बरामद किया है। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार किया है। दोनों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज लिया है। एसएसपी पौड़ी श्वेता चौबे ने बताया कि थाना थलीसैण पुलिस द्वारा सघन चैकिंग के दौरान आरोपी दानिश निवासी एसडीएम कोर्ट कचहरी रोड़ काशीपुर, थाना-काशीपुर, जिला उधमसिहं नगर को बैजरों पुल के पास से 4.800 किलोग्राम गांजा व आरोपी रिटायर्ड फौजी राजकुमार निवासी ऐंठी चोपड़ा कोर्ट, तहसील-थलीसैण पौड़ी गढ़वाल को 100 ग्राम अवैध चरस के साथ गिरफ्तार किया गया। दोनो के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

## गंगानगर वासियों का नगर निगम में प्रदर्शन

ऋषिकेश। गंगानगर के लोगों ने नगर निगम के खिलाफ प्रदर्शन कर क्षेत्र में जल भराव की समस्या से निजात के लिए स्थायी समाधान न होने पर आक्रोश जताया। उन्होंने नगर निगम प्रशासन से जल्द जल निकासी की उचित व्यवस्था कराने की मांग उठाई। चेताया कि समस्या का निदान न किया तो आंदोलन किया जायेगा। सोमवार को गंगानगरवासियों ने नगर निगम परिसर में पहुंचकर प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि कुछ साल पूर्व एक नाला बनखंडी गुल्हाटी प्लाट होते हुए शान्तिनगर से बहता था, इसे शान्तिनगर के कुछ लोगों ने बंद कर दिया। इस बरसाती नाले का पानी गुल्हाटी प्लाट होते हुए निरंकारी भवन के बराबर से गंगानगर, हनुमन्तपुरम गली नंबर एक से लेकर गली नंबर 9 तक अधिकांश घरों में पानी घुस रहा है।

# Petrol-Diesel भरवाने जाएं तो 2 चीजों का खास ध्यान रखें






न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 22 नवंबर , पेट्रोल पंपों पर तेल की चोरी आम बात हो गई है। ग्राहक की आंखों के सामने पेट्रोल पंप के कारिंदे पेट्रोल-डीजल की चोरी कर लेते हैं और पैसा पूरा वसूल लेते हैं। ऐसे में केंद्र सरकार के उपभोक्ता मामले के विभाग कंज्यूमर अफेयर्स ने अपने जागो ग्राहक जागो अभियान के तहत लोगों को जागरूक करने के लिए एक पोस्ट डाली है। इस पोस्ट में कैरिकेचर्स के जरिए लोगों को समझाने का प्रयास किया गया है कि पेट्रोल पंप पर मशीन में सिर्फ जीरो पर ध्यान देने से काम नहीं चलेगा। लोगों को 2 और चीजों पर खास ध्यान देना होगा, तभी तेल की चोरी और धोखाधड़ी से बच पाएंगे। आइए विस्तार से उन टिप्स के बारे में जानते हैं, जो हमें और आपको धोखाधड़ी का शिकार होने से बचा सकते हैं...

**कई पेट्रोल पंप यूज करते जंप ट्रिक**

कंज्यूमर अफेयर्स ने ट्वीट में लिखा कि उपभोक्ता ध्यान दें! पेट्रोल और डीजल भरवाने से पहले इन बातों का ध्यान रखें- मीटर रीडिंग 0.00 हो। डिस्पेंसिंग मशीन का वेरिफिकेशन सर्टिफिकेट डिस्प्ले किया हुआ हो। उपभोक्ता यदि चाहे तो पेट्रोल पंप पर उपलब्ध 5 लीटर के माप से डिलीवर्ड क्वांटिटी चेक कर सकते हैं। पेट्रोल भरवाते समय जीरो जरूर देखें। तेल की चोरी करने के लिए कई पेट्रोल पंपों के कारिंदे तेल के दाम सही ढंग से डिस्पले नहीं करते। अगर मीटर में जीरो दिख रहा है तो इसका मतलब यह कि गाड़ी में पेट्रोल सही मात्रा जा रहा है, लेकिन हर बार ऐसा हो जरूरी नहीं है। फ्रॉड करने के लिए कारिंदे मशीन में जंप ट्रिक खेलते हैं। इसे पकड़ने के लिए देखें कि अगर पैसा जीरो से सीधा 5 रुपये को क्रॉस कर जाता है तो इसका मतलब है कि ट्रिक यूज हुई। अगर इस ट्रिक को पकड़ लिया तो धोखे से बच जाएंगे।

# एसएसपी नैनीताल ने चलाया जनपद में बृहद सत्यापन अभियान

■ किरायेदार सत्यापन न करने वाले 31 भवन स्वामियों के विरुद्ध बड़ी कार्यवाही, 98 व्यक्तियों का भौतिक सत्यापन कर करवाया 03 लाख रूपये से अधिक का जुर्माना

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



ब्यूरो रिपोर्ट , 22 नवंबर : श्री प्रहलाद नारायण मीणा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नैनीताल द्वारा जनपद में अपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाने हेतु सभी थाना प्रभारियों को अपने- अपने क्षेत्र में व्यापक रुप से सत्यापन अभियान चलाते हुये संदिग्ध रुप से रह रहे अथवा आपराधिक प्रवृति के व्यक्तियों का भौतिक सत्यापन करते हुये ऐसे भवन स्वामियों जिनके द्वारा बार-बार कहने पर भी सत्यापन की कार्यवाही नहीं करायी जा रही है उनके विरूद्व नियमानुसार कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है।

उक्त आदेश के क्रम में आज दिनॉक-21.11.2023 को श्री हरबंस सिंह पुलिस अधीक्षक नगर के नेतृत्व में श्री भूपेन्द्र सिंह धोनी क्षेत्राधिकारी नगर, श्री हरेन्द्र चौधरी प्रभारी निरीक्षक कोतवाली हल्द्वानी, श्री नीरज भाकुनी, थानाध्यक्ष थाना बनभूलपुरा व श्री विमल मिश्रा थानाध्यक्ष काठगोदाम द्वारा अलग-अलग टीमें गठित करते हुये पीएसी तथा थानों के पुलिस बल के साथ औचक सत्यापन अभियान चलाया गया। थाना बनभूलपुरा क्षेत्र के मलिक का बगीचा, सफदर का बगीचा, पप्पू का बगीचा इन्द्रानगर व गाँधीनगर में संदिग्ध व्यक्तियों तथा किरायेदारो का सत्यापन किया गया। जिसमें किरायेदारों के सत्यापन ना कराये जाने की दशा में मौके पर 05 भवन स्वामियों से अन्तर्गत धारा 52(3)/83 पुलिस एक्ट में 5000-5000- कुल 25,000/- रु० जुर्माना अधिरोपित किया गया। इसके अतिरिक्त 26 भवन स्वामियों के विरुद्ध अन्तर्गत धारा 52 (3)/83 पुलिस एक्ट में 10000-10000 रु० कुल 2,60000/- (दो लाख साठ हजार रुपये) की चालानी कार्यवाही करते हुये चालानी रिपोर्ट माननीय न्यायालय प्रेषित की जा रही है। अभियान के दौरान 98 संदिग्ध व्यक्तियों को जो कि उ०प्र० के जिला पीलीभीत, रामपुर, मुरादाबाद, बिजनौर, बहेड़ी एंव विहार राज्य के जिला बेतिया, पश्चिमी चम्पारण, पूर्वी चम्पारण के निवासरत थे सभी को थाने लाकर भौतिक सत्यापन करते हुये बिना सत्यापन निवास करने वाले उक्त किरायेदारों के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही करते हुये 16750 रु० अर्थदंड जमा करवाया गया। सभी को हिदायत दी गयी कि यदि कोई बिना सत्यापन के थाना क्षेत्र के अन्तर्गत निवास करता है तो चालानी कार्यवाही की जायेगी।





एसएसपी नैनीताल की जनता से अपील-

जनपद वासियों से अपील है कि किरायेदारों/मजदूरों/घरेलू नौकरों का सत्यापन अवश्य करायें, जिससे आप स्वयं को सुरक्षित करने के साथ-साथ आस-पड़ोस एवं समाज को सुरक्षित रखने में सहयोग प्रदान कर सकते हैं। आप घर से भी ₹उत्तराखण्ड पुलिस एप₹ के माध्यम से भी सत्यापन करा सकते हैं, इस ऐप को ओपन करते ही वैरिफिकेशन ऑप्शन मिलेगा, जिसमें मॉगे गये समस्त दस्तावेज अपलोड करने के उपरान्त आप सत्यापन करा सकते हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### जंगली सुअर के पके मांस के साथ एक पकड़ा

पिथौरागढ़। तेजम के गौलागांव में जंगली सुअर का शिकार के बाद मांस पका कर खाने की तैयारी कर रहे एक व्यक्ति को वन विभाग ने पकड़ा है। आरोपी के घर से टीम को बगैर लाइसेंसी बंदूक भी बरामद हुई है। सोमवार को वनक्षेत्राधिकारी विजय चंद्र भट्ट के नेतृत्व में वन विभाग की टीम ने गौलागांव निवासी शेर राम के घर पर छापा मारा। इस दौरान टीम को घर से प्रेशर कुकर में जंगली सुअर का पका हुआ दो किलो मांस बरामद हुआ। घर की तलाशी ली तो दो भरवा बंदूक भी मिली। टीम ने उक्त सामाग्री को कब्जे में लेकर सीज किया है। वनक्षेत्राधिकारी भट्ट ने बताया कि आरोपी शेरराम को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है। इधर डीएफओ जीवन मोहन दगाड़े ने टीम की सराहना करते हुए कहा कि वनक्षेत्राधिकारी भट्ट के नेतृत्व में टीम वनों व वन्य जीवों के संरक्षण के लिए उत्कृष्ठ कार्य कर रही है। टीम में आन सिंह ल्वांल, दिनेश चौहान, गोविंद कुमार, धर्मेंद्र राणा, अनिल सिरोला, धीरज ठगुन्ना, जसपाल सिंह धामी आदि मौजूद रहे।

### युवाओं को एसएसबी में भर्ती होने के टिप्स बताए

पिथौरागढ़। जौलजीबी मेले में एसएसबी की 55वीं वाहिनी ने वृहद सामाजिक चेतना अभियान के तहत जागरूकता अभियान चलाया। बीते रोज एसएसबी की टीम जौलजीबी मेले पहुंची। इस दौरान सहायक उपनिरिक्षक संचार विजय सिंह, मुख्य आरक्षी चंदु ने युवाओं को विभिन्न पदों पर भर्ती के लिए शारीरिक दक्षता के संबंध में जानकारी दी।

### दौड़ में पॉलीटेक्निक श्रीनगर में जेसिका प्रथम

श्रीनगर गढ़वाल। राजकीय पॉलीटेक्निक श्रीनगर में जोनल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता शुरू हो गयी है। प्रतियोगिता में पौड़ी, टिहरी, उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली के 19 पॉलीटेक्निक के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। सोमवार को पॉलीटेक्निक श्रीनगर में गढ़वाल जोनल-1 प्रतियोगिता का शुभारंभ एसएसबी के डीआईजी सुभाष चंद नेगी ने किया। इस अवसर पर उन्होंने प्रतिभागी खिलाडियों को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए खेल को खेल भावना से खेलने का आह्वान किया। एसएसबी के मैदान में खेली गई प्रतियोगिता के पहले दिन लम्बी कूद, चक्का फेंक, टेबल टेनिस, 1500 मी. दौड, 100 मी. दौड आयोजित की गई। प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने अपना दमखम दिखाया। 100 मी. फर्राटा दौड़ में पॉलीटेक्निक श्रीनगर की जेसिका ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। टेबल टेनिस एकल वर्ग में पॉलीटेक्निक बिरोंखाल के अभिषेक ने बाजी मारी। भाला फेंक छात्रा वर्ग में पॉलीटेक्निक श्रीनगर की अंशिका सकलानी प्रथम व चक्का फेंक छात्र वर्ग में पॉलीटेक्निक श्रीनगर के हिमांशु नौटियाल प्रथम रहे। इस दौरान राजकीय पॉलीटेक्निक की प्राचार्य सरिता कटियार ने सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस मौके पर प्राविधिक शिक्षा के संयुक्त निदेशक एसके श्रीवास्तव, आलोक मिश्रा, प्राविधिक शिक्षा श्रीनगर के उप निदेशक एसके वर्मा, देवेंद्र यादव, डा. पवन कुमार, संजय बागला, बीबी जोशी, एचआर कोटनाला, क्रीड़ा समिति की अध्यक्ष सीमा रावत, क्रीड़ा अधिकारी प्रभाकर सिंह, भूपेंद्र राणा, नीशू गिरी सहित आदि मौजूद थे।

### डीएम चौहान ने की सीएम हेल्पलाइन की विभागवार समीक्षा

पौड़ी। सीएम हेल्पलाइन 1905 की समीक्षा बैठक में डीएम ने पुरानी शिकायतों का निस्तारण नहीं करने वाले विभागीय अफसरों के वेतन रोकने के निर्देश मुख्य विकास अधिकारी को दिए। साथ ही शिकायतों के निस्तारण में बरती जा रही ढिलाई पर संबंधित अफसरो के स्पष्टीकरण तलब करने के निर्देश भी दिए गए। सोमवार को बैठक लेते हुए डीएम डा.आशीष चौहान ने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन की विभागवार समीक्षा करते हुए सभी अफसरों को छोटी शिकायतों का अपने ही स्तर से समाधान करने के निर्देश दिए। कहा कि जिन लोगों की शिकायतों का निस्तारण किया जाता है उन्हें संपर्क करते हुए उन्हें उसकी जानकारी भी दी जाए। उन्होंने सबसे ज्यादा शिकायत वाले शिक्षा, वन विभाग व पंचायतीराज विभाग के अफसरों को समस्याओं का जल्द निरस्तारण करने के निर्देश दिए। कहा कि शिकायतों का मौके पे जाकर निरीक्षण कर उसका निस्तारण किया जाए। इस दौरान उन्होंने शिकायतकर्ताओं से फोन के माध्यम से संपर्क किया और उनकी शिकायतों की जानकारी ली। बैठक में सीडीओ अपूर्वा पांडेय, डीडीओ मनविंदर कौर, मुख्य कोषाधिकारी गिरीष चंद, मुख्य शिक्षाधिकारी दिनेश गौड़, जिला पर्यटन अधिकारी प्रकाश खत्री, एसडीओ वन विभाग लक्की शाह आदि शामिल थे।

# मदरसों में पढ़ने वाले बच्चे हमारे देश का भविष्य नहीं होने देंगे खिलवाड़ : मुफ्ती शमून कासमी

## उत्तराखंड मदरसा बोर्ड के अध्यक्ष ने भगत सिंह कॉलोनी स्थित कार्यालय पर ली बैठक







**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**


देहरादून 22 नवंबर। मदरसों में पढ़ने वाले बच्चे हमारे देश का भविष्य है, उनके साथ खिलवाड़ नहीं होने देंगे। मंगलवार को भगत सिंह कॉलोनी स्थित मदरसा बोर्ड कार्यालय सभागार में आयोजित बैठक में उत्तराखंड मदरसा बोर्ड के अध्यक्ष मुफ्ती शमून कासमी ने ये बात कही।

मुफ्ती शमून कासमी ने कहा कि प्रदेश के अधिकतर मदरसों का उन्होंने दौरा किया है। मदरसों में पारदर्शिता और साफ - सफाई का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। केंद्र और प्रदेश सरकार भ्रष्टाचार के सख्त खिलाफ है, जिसके साथ ही सभी मदरसों को इसका ख्याल रखना है। सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास के साथ हमे आगे बढ़ना है। वसुदेव कुटुंबकंभ के साथ सभी को साथ लेकर चलना है। मदरसो के सत्यापन से घबराने की जरूरत नहीं बल्कि आगे बडकर काम करने की जरूरत हैं ईमानदारी से काम करने में विश्वास करता हूं।

धर्मांतरण कानून एक दम सही लेकर आए हैं। लव जिहाद का ताल्लुक किसी धर्म से नहीं है, इस्लाम से भी नहीं। लैंड जिहाद कीमती जमीनें ये सभी की है। अवैध के ऊपर कार्यवाई होती है तो यह सराहनीय है। इस्लाम का हिस्सा तीन तलाक नहीं है वो समाज का हिस्सा बन गया। अल्लाह जिसे इज्जत देता है उसे हुकूमत देता है, आज सत्ता में जो हैं उन्हें अल्लाह ने पसंद किया होगा, तभी तो वहां बैठे हैं।

मदरसों में पढ़ने वाले हमारे बच्चे देश का भविष्य हैं और देश के खिलाफ खिलवाड़ नहीं होना चाहिए। मदरसा बोर्ड में पीछे अधिकारियों ने काम नहीं किया, इसका नुकसान वर्तमान में विभाग को हुआ।






**सदस्यों ने मदरसों को मान्यता देने की मांग की :** सदस्य अरशद हुसैन ने कहा यूपी में मदरसा बोर्ड के स्कूलों को मान्यता प्राप्त है। लेकिन उत्तराखंड में मदरसों को मान्यता प्राप्त नहीं हुई है। जिससे बच्चों के पढ़ाई के बाद प्रमाण पत्र किसी काम के नहीं है। मान्यता के लिए प्रयास करें, जिससे बच्चों को मदरसों में पढ़ने का लाभ मिल सके। रईस अहमद ने कहा मदरसा बोर्ड के स्कूलों में पाठ्यक्रम तय होना चाहिए। साहित्य से लेकर विज्ञान और गणित को पाठ्यक्रम में शामिल किया जाए। मौलाना हाजी सिब्ते हसन ने रुके अनुदान को जल्द जारी करने की मांग की।

# देहरादून गोल्फ लीग - 2023

## सफल नीलामी देहरादून गोल्फ लीग 2023 के उद्घाटन का प्रतीक है





**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून, 18 नवंबर 2023 - देहरादून गोल्फ लीग ने शनिवार शाम को डीएसओआई में आयोजित एक आकर्षक नीलामी के साथ अपने उद्घाटन सत्र की ओर एक महत्वपूर्ण छलांग लगाई। लीग के संस्थापक सुमेरु बहुगुणा ने नीलामीकर्ता के रूप में नीलामी का नेतृत्व किया, जबकि टूर्नामेंट समिति के सदस्य कैप्टन संजय गांधी (सेवानिवृत्त) ने कुशलतापूर्वक कार्यवाही का संचालन किया।

भाग लेने वाली टीमों में अवतारा स्टिंगर्स, दून राइडर्स, फेयरवे फाइटर्स, ओरिजिनल दून राइडर्स, आर एंड ए टाइगर्स, सुल्तांस ऑफ स्विंग, टीम पेस्टल वीड, यूके ईगल्स, उत्तराखंड अचीवर्स और विश्रांति हॉस्पिटैलिटी अपने पसंदीदा खिलाड़ियों को सुरक्षित करने के लिए गहन बोली युद्ध में लगे हुए थे। प्रत्येक टीम, जिसमें 9 गोल्फ खिलाड़ी शामिल थे, ने टीम मालिकों, प्रीमियम खिलाड़ियों और नीलामी में चुने गए खिलाड़ियों का मिश्रण प्रदर्शित किया, जिससे एक गतिशील और प्रतिस्पर्धी क्षेत्र तैयार हुआ।

रुपये के एक आभासी काल्पनिक पर्स द्वारा ईंधन। प्रति टीम 2 करोड़ रुपये और 51 खिलाड़ियों के नीलामी पूल की विशेषता के साथ, यह शाम उत्साह और नाटकीयता के सूक्ष्म स्पर्श के साथ शुरू हुई। विशेष रूप से, 03 की बाधा के साथ सुमेरु बहुगुणा ने आर एंड ए टाइगर्स से 91 लाख की उच्चतम बोली प्राप्त की।

अब 10 टीमों के साथ, प्रत्येक में 9 कुशल गोल्फरों का रोस्टर शामिल है, इस दिसंबर में प्रतिष्ठित FRIMA गोल्फ कोर्स में गोल्फ के एक उल्लेखनीय सीज़न की प्रत्याशा बढ़ गई है। आगामी देहरादून गोल्फ लीग में कौशल, रणनीति और खेल कौशल के एक रोमांचक सम्मिलन का वादा करते हुए, मंच त्रुटिहीन रूप से तैयार किया गया है।

कुल 10 टीमों और 90 गोल्फरों के साथ, देहरादून गोल्फ लीग 2 दिसंबर, 10 दिसंबर और 17 दिसंबर को तीन क्वालीफाइंग लीग राउंड के साथ शुरू होगी। 10 में से शीर्ष पांच टीमें क्रिसमस की पूर्व संध्या - 24 दिसंबर को फाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी, जहां वे शीर्ष सम्मान के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी। विजेता टीम को ग्रैंड पुरस्कार ट्रॉफी से सम्मानित किया जाएगा, जिसमें प्रत्येक गोल्फर को स्वर्ण पदक और उपहार दिए जाएंगे, जबकि उपविजेता को रजत पदक प्रदान किए जाएंगे।

देहरादून गोल्फ लीग के बारे में:

देहरादून गोल्फ लीग सुमेरु बहुगुणा, धर्मेंद्र बोहरा, कैप्टन संजय गांधी (सेवानिवृत्त) और मानद समिति के सदस्य कर्नल रजत शर्मा के नेतृत्व में एक अभूतपूर्व पहल है, जिसका दोहरा मिशन है: उत्तराखंड के सुरम्य परिदृश्यों में गोल्फ के प्रोफाइल को ऊपर उठाना, जिसकी शुरुआत इस दिसंबर में देहरादून में इसका उद्घाटन संस्करण, और विविध पृष्ठभूमि के गोल्फरों के बीच एकता को बढ़ावा देना।

इस अंतर-टीम टूर्नामेंट में 10 टीमें शामिल हैं, जिनमें से प्रत्येक राउंड-रॉबिन मैच प्ले प्रारूप में तीन रविवारों में तीन मैचों में भाग लेती है, जिसमें प्रत्येक मुकाबले में चार मैच प्ले राउंड होते हैं। राउंड 3 के बाद शीर्ष पांच टीमें अंतिम राउंड में पहुंचेंगी, जहां वे वैकल्पिक शॉट स्ट्रोक प्ले फोरसम टूर्नामेंट में प्रतिस्पर्धा करेंगी। विजेता टीम का निर्धारण टीम के सबसे कम नेट कुल स्कोर के आधार पर किया जाएगा।

देहरादून गोल्फ लीग शौकिया गोल्फरों को इस भव्य प्रयास का हिस्सा बनने, खेल को बढ़ावा देने और उत्तराखंड के आकर्षक परिदृश्यों में समावेशिता का पोषण करने के लिए हार्दिक निमंत्रण देता है।



## थत्यूड़ में तीन दिवसीय जौनपुर महोत्सव का शुरु

नई टिहरी। थत्यूड़ में जौनपुर महोत्सव का रंगारंग आगाज थत्यूड़ में तीन दिवसीय जौनपुर महोत्सव का क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं के रंगारंग झांकियां और मार्च पास्ट के साथ शुभारंभ हुआ। क्षेत्रीय विधायक ने कहा कि जौनपुर महोत्सव आपसी भाईचारा को जोडने वाला महोत्सव है। झांकी में सरस्वती शिशु मंदिर प्रथम, स्कार्लर्स होम स्कूल द्वितीय तथा प्राथमिक विद्यालय गैड ने तृतीय स्थान पर रहे। सोमवार को थत्यूड़ में तीन दिवसीय जौनपुर महोत्सव का धनोल्टी विधायक प्रीतम सिंह पंवार और ब्लॉक प्रमुख सीता रावत ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ किया। विधायक ने कहा कि जौनपुर महोत्सव जौनपुर की लोक सांस्कृति और धार्मिक रीति रिवाज का आपसी संगम है। कहा यह महोत्सव क्षेत्र के लोगों में आपसी भाईचारे की भावना को जोडने वाला महोत्सव है। कहा कि महोत्सव में स्थानीय लोक कलाकारों और क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा। विधायक ने जौनपुर महोत्सव के शुभारंभ पर झांकी में शामिल सभी 32 विद्यालयों को 50-50 हजार रुपये की धनरशि देने की घोषणा की। महोत्सव में विभिन्न स्कलों के छात्र-छात्राओं ने देवी देवताओं पर आधरित मनमोहक झांकियों की प्रस्तुति दी। राजकीय इंटर कॉलेज थत्यूड़ के खेल मैदान में विभिन्न स्कूलों के छात्रों ने मार्च पास्ट निकाला। महोत्सव में सोमवार की सांस्कृतिक संध्या पर स्थानीय लोक कलाकार अपनी मनमोहक प्रस्तुति देंगे। मौके पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष भोला सिंह परमार, जिपंस सनवीर बेलवाल, अभिलाष कुमार, महोत्सव अध्यक्ष वीरेंद्र राणा, सुरेंद्र रावत, पृथ्वी रावत, कुंवर सिंह पंवार, गीता रावत, मीरा सकलानी, विनोद सेमवाल, सुनील सजवाण, सुमन नौटियाल सहित कई लोग उपस्थित थे।

## मंगेतर पंसद नहीं आने पर घर से भागा युवक मिला

रुडक़ी। दस दिन की भाग दौड़ के बाद आखिरकार पुलिस ने 25 वर्षीय युवक को दिल्ली के बस अड्डे से सकुशल बरामद कर लिया है। जरूरी लिखा पढ़ी के बाद युवक को पुलिस ने परिजनों के सुपुर्द कर दिया। गंगनहर कोतवाली क्षेत्र के ग्रीन पार्क कॉलोनी निवासी 25 वर्षीय युवक का भगवानपुर की एक युवती से 27 नवंबर को विवाह तय हुआ था। लेकिन युवक को युवती पसंद नहीं आई थी। नाराजगी जताने को लेकर घर में विवाद हुआ था। जिसके बाद 10 नवंबर को युवक घर से संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। जिसके बाद मामला कोतवाली तक पहुंचा। पुलिस ने युवक की गुमशुदगी दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी थी। युवक ने फोन नंबर भी बंद कर लिया था। इस बीच पुलिस को सूचना मिली कि आनंद विहार बस अड्डे पर लापता युवक है। जिसके बाद पुलिस की एक टीम वहां पहुंची और युवक को सकुशल बरामद कर लिया। इंस्पेक्टर अमरजीत सिंह ने बताया कि लापता युवक अलग-अलग फोन नंबरों का इस्तेमाल कर रहा था। लेकिन पुलिस टीम लगातार युवक को ट्रेस करने में लगी थी। युवक को सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया।

## मानदेय वृद्धि का लाभ न मिलने से शिक्षा मित्र परेशान

पिथौरागढ़। राजकीय प्राथमिक विद्यालयों में सर्व शिक्षा अभियान के तहत कार्यरत शिक्षा मित्रों को मानदेय वृद्धि का लाभ नहीं मिल रहा है। निदेशक प्रारम्भिक शिक्षा के आदेश के बावजूद डेढ़ वर्ष से शिक्षा मित्रों को निर्धारित मानदेय से कम दिया जा रहा है, लेकिन हैरानी की बात है कि विभागीय अधिकारियों को निदेशक के आदेश की जानकारी तक नहीं है। शिक्षा मित्रों ने बताया कि मार्च 2022 के दौरान निदेशक प्रारम्भिक शिक्षा वंदना गर्ब्याल ने प्रदेश के सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को पत्र भेजकर 20हजार मानदेय देने की स्वीकृति दी। राज्य सरकार की ओर से रखे गये प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षा मित्रों को तो पूरा मानदेय दिया जा रहा है, लेकिन सर्व शिक्षा अभियान के तहत जिले में विभिन्न विकास खंडो में तैनात शिक्षा मित्रों को निर्धारित मानदेय नही मिल रहा है। शिक्षा मित्र गीता, अंजू सहित अन्य लोगों का कहना है कि प्रदेश के अन्य 12 जनपदों में तैनात शिक्षा मित्रों को तो मानदेय मिल रहा है, लेकिन सीमांत जनपद के शिक्षा मित्र इससे वंचित हैं। कहा कि लंबे समय से वह अन्य जिलों के भांति यहां भी 20हजार मानदेय देने की गुहार लगा रहे हैं, लेकिन विभागीय अधिकारी गंभीरता नहीं दिखा रहे हैं।

## 28 नवंबर को पालिका बोर्ड की अंतिम बैठक

नैनीताल नगर पालिका बोर्ड का आगामी दो दिसंबर को कार्यकाल पूरा होने जा रहा है। इसके मद्देनजर सोमवार को सभासद मोहन नेगी, कैलाश रौतेला और मानोज जगाती के अनुरोध पर एसडीएम की ओर से 28 नवंबर मंगलवार को अंतिम बोर्ड बैठक के आयोजन को लेकर सहमति दी है। एसडीएम ने कहा कि अंतिम बोर्ड बैठक के दौरान कई बिंदुओं पर चर्चा होगी और सभासदों को विदाई भी दी जायेगी।

# डीएम ने ली शिक्षा व महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों की बैठक

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

चमोली। जिला प्रशासन की जनपद चमोली में संचालित समर्थ गांव योजना के द्वितीय चरण के संचालन को लेकर सोमवार को जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने शिक्षा व महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने सकारात्मकता के साथ योजना का संचालन कर जिले के निरक्षरों को साक्षर बनाने के निर्देश दिए। योजना के पहले चरण में ज्ञानमित्रों की ओर से किए कार्यो पर जिलाधिकारी ने संतोष व्यक्त किया। जिलाधिकारी कार्यालय में आयोजित बैठक के दौरान समर्थ गांव योजना के जिला समन्वयक हेम चंद्र ने बताया कि जनपद में संचालित योजना में 2254 निरक्षर व्यक्तियों की पहचान की गई है। जिन्हें साक्षर करने के लिए सात हजार से अधिक ज्ञानमित्रों के सहयोग से योजना का संचालन किया जा रहा है। योजना के तहत जहां चिन्हित लोगों को पाठ्य सामग्री वितरित की गई है। वहीं योजना के प्रथम चरण के मूल्यांकन में 66 प्रतिशत लोगों को साक्षर किया गया है। बताया कि योजना का द्वितीय चरण नवंबर माह से शुरू किया गया है। जिसका मूल्यांकन मार्च माह में किया जाएगा।

बैठक में जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने मुख्य शिक्षा अधिकारी को दिव्यांग निरक्षर लोगों को साक्षर बनाने के लिए योजना बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए। वहीं समाज कल्याण के साथ समन्वय स्थापित कर उपचार के बाद दिव्यांगों को योजना से लाभान्वित करने के साथ ही रुचिकर शैक्षणिक सामग्री का उपयोग कर योजना का संचालन करने की बात कही। उन्होंने योजना में साक्षर हो चुके लोगों को स्वावलंबी बनाने के लिए बैंक, पोस्ट ऑफिस सहित अन्य विभागों के शैक्षिक भ्रमण करवाने के लिए योजना बनाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने योजना में स्वैच्छिक कार्य कर रहे ज्ञानमित्रों व बेहतर प्रदर्शन करने वाले लोगों को पुरस्कृत करने के निर्देश भी दिए।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी डा. ललित नारायण मिश्र, जिला शिक्षा अधिकारी बेसिक धर्म सिंह रावत के साथ ही वर्चुअल माध्यम से शिक्षा विभाग और महिला सशक्तिकरण व बाल विकास विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

# सिलक्यारा टनल रेस्क्यू ऑपरेशन के संबंध में मंगलवार को अस्थाई मीडिया सेंटर, सिलक्यारा में प्रेस ब्रीफिंग की गई



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून , 22 नवंबर ,इस दौरान एमडी (एनएचआईडीसीएल ) महमूद अहमद ने बताया कि सिलक्यारा टनल में बचाव ऑपरेशन तेजी से संचालित किया जा रहा है। साथ ही 6-इंच की पाइपलाइन के माध्यम से खाद्य सामग्री और दवाइयां पहुंचाई जा रही हैं। टनल में फंसे लोगो के पास 2 किलोमीटर का सेफ एरिया मौजूद है।

एम.डी (एनएचआईडीसीएल ) महमूद अहमद ने बताया कि टनल में फंसे श्रमिकों से संवाद भी हुआ है एवं वीडियो के माध्यम से उनकी स्थिति का पता लगा है। टनल के अंदर 900 एम.एम पाइप को 22 मीटर तक पुश किया गया था। कुछ बाधा आने के बाद ड्रिलिंग रुक गई थी। वर्तमान समय में टेलीस्कोपिक मेथड से 900 एम.एम पाइप के अंदर, 800 एम.एम का पाइप को पुश किया जा रहा है और ऑगर मशीन से पुनः ड्रिलिंग जल्द शुरु कर दी जायेगी। उन्होंने कहा काम कर रहे सभी कर्मचारियों, अधिकारियों, इंजीनियरो के लिए हर समय बेहद महत्वपूर्ण है।

एम.डी (एनएचआईडीसीएल ) महमूद अहमद ने बताया कि THDC ने भी बड़कोट वाले छोर से रेस्क्यू टनल का निर्माण शुरू हो गया है, जिसमें पहले ही दो ब्लास्ट कर लिए गए हैं, जिससे 6.4 मीटर का ड्रिफ्ट बनी है। एम.डी (एनएचआईडीसीएल ) महमूद अहमद ने बताया कि टनल के ऊपर से वर्टिकल ड्रिलिंग हेतु मशीनों के मोबिलाइजेशन का कार्य किया जा रहा है। ड्रिलिंग जल्द शुरु हो जायेगी। केंद्र एवं राज्य सरकार के निरंतर सहयोग एवं सभी एजेंसियों के आपसी समन्वय को बनाते हुए रेस्क्यू ऑपरेशन तीव्र गति के साथ आगे बढ़ाया जा रहा है। सचिव उत्तराखंड शासन डॉ. नीरज खैरवाल ने कहा कि सभी लोगों को सुरक्षित निकालना हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा सभी एजेंसियां 24 घंटे काम कर रही हैं। सभी कार्य तेज गति के साथ किए जा रहे हैं। रेस्क्यू ऑपरेशन में जुटे सभी संस्थान / एजेंसी आपसी समन्वय के साथ कार्य कर रही है। इस दौरान जिलाधिकारी अभिषेक रूहेला, महानिदेशक सूचना बंशीधर तिवारी, एनएचएआईडीसीएल के निदेशक अंशुमनीष खलखो, पुलिस अधीक्षक अर्पण यदुवंशी, एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

## संपादकीय

# युवा वोटर मांगे नौकरी

जिन पांच राज्यों में विधानसभा चुनावों की प्रक्रिया जारी है, वहां युवा नौकरियों और रोजगार का मुद्दा खूब गूंज रहा है। सिर्फ इसी आधार पर राजनीतिक दलों को कितना जनादेश प्राप्त होगा, यह कहना अनिश्चित है, लेकिन दलों के घोषणा-पत्रों में सरकारी नौकरियों को लेकर आश्वासन प्रमुख रूप से बांटे गए हैं। भाजपा या कांग्रेस के अलावा, मिजोरम की क्षेत्रीय पार्टियों को भी वायदा करना पड़ा है कि उनकी सरकार युवाओं के लिए इतनी सरकारी नौकरियां और रोजगार के अवसर पैदा करेगी। रोजगार के क्षेत्र में बड़े घोटाले सामने आ रहे हैं कि किस सरकार के दौरान कितने पेपर लीक कराए गए। अव्वल तो सरकारी नौकरियों में भर्ती की परीक्षाएं लटकाई जाती रही हैं। यदि परीक्षा हो गई, तो उनके नतीजे अनिश्चित अंधेरों में डूब जाते हैं। यदि परीक्षाओं के बाद सफल चेहरों को नियुक्ति-पत्र मिल भी गए, तो ज्वाइनिंग में आनाकानी की जाती रही है। अंततः अदालतों में धक्के खाने पड़ते हैं और वहां भी सब कुछ अनिश्चित है। इन धांधलियों और घपलों पर युवा मतदाता सरकारी नौकरियों को लेकर पूरी तरह आश्वस्त कैसे हो सकता है? घोषित राजनीतिक आश्वासनों पर जनादेश दिए जाएंगे, सरकारें बनेंगी, उसके बाद नौकरी या रोजगार का वायदा, समयबद्ध और चरणबद्ध तरीके से, पूरा नहीं किया गया, तो युवा वोटर क्या कर सकते हैं? जनादेश तो पांच साल के लिए होता है। पांच साल के बाद राजनीतिक परिदृश्य और समीकरण क्या होंगे, पार्टियां इन चिंताओं में दुबली नहीं हुआ करतीं। अलबत्ता युवाओं के सामने आंदोलन का रास्ता जरूर खुला है। उनसे पूर्ण न्याय कब मिला है? बहरहाल तेलंगाना में कांग्रेस ने 'जॉब कलैंडर' तय करने का वायदा किया है। भाजपा ने तेलंगाना लोक सेवा आयोग की परीक्षाओं के मद्देनजर पारदर्शी और समयबद्ध समाधान देने का वायदा किया है। दोनों दलों को तेलंगाना में जनादेश मिलने के आसार नहीं हैं। राजस्थान में उन युवाओं को समर्थन दिया जा रहा है, जिन्होंने सरकारी नौकरियों में भर्ती की निरंतर और सिलसिलेवार देरी के खिलाफ आवाज उठाई है। तेलंगाना और राजस्थान में युवा बेरोजगारी दर क्रमशः 15.1 फीसदी और 12.5 फीसदी है, जो देश भर में सर्वाधिक हैं। कमोबेश बेरोजगारी की राष्ट्रीय दर करीब 8 फीसदी से तो ज्यादा है। राजस्थान लोक सेवा आयोग की परीक्षाएं विवादों और घोटालों में संलिप्त रही हैं। लगातार पेपर लीक, परीक्षा परिणामों में धांधलियों, कानूनी पचड़ों के कारण बीते चार साल में 8 परीक्षाएं रद्द करनी पड़ी हैं। मध्यप्रदेश में आज भी 'व्यापम घोटाले' की गूंज सुनाई देती है। हालांकि अब यह उतना प्रासंगिक चुनावी मुद्दा भी नहीं है। पीरियॉडिक लेबर फोर्स सर्वे 2022-23 के मुताबिक, मप्र में युवा बेरोजगारी की दर चुनावी राज्यों में सबसे कम 4.4 फीसदी है। तेलंगाना, राजस्थान और मिजोरम (11.9 फीसदी) में युवा बेरोजगारी की दर राष्ट्रीय दर से अधिक है। छत्तीसगढ़ में यह दर 7.1 फीसदी है। बेशक सरकारी नौकरियों और रोजगार के बेहतर अवसरों के आश्वासन सभी राजनीतिक दलों ने बांटे हैं, लेकिन युवा मतदाताओं की चिंताओं, प्रतिबद्धताओं और उनके सरोकारों पर 'राजनीति' ज्यादा की जा रही है।

दैनिक न्यूज़ वायरस
संपादक : मौ.सलीम सैफी, कार्यकारी संपादक : आशीष कुमार तिवारी न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक मौ.सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से प्रकाशित एवं न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून से मुद्रित। फ़ोन : 0135-4066790, 2672002, RNI No. : UT-THIN/2012/44094
Cert. Ser. No. : 31406 E-mail : dainiknewsvirus@gmail.com
Website : www.newsvirusnetwork.com YouTube : TV News Virus
न्याय क्षेत्राधिकार : जनपद देहरादून (उत्तराखंड), भारत

# नंदा गौरा योजनाः पुराने आवेदनों को मिली नहीं प्रोत्साहन राशि और फिर से नए आवेदन मांग लिए

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

हरिद्वार। नंदा गौरा योजना के तहत सरकार की ओर से बेटी के जन्म और इंटरमीडिएट पास करने वाली बेटियों को एकमुश्त प्रोत्साहन राशि दी जाती है। लेकिन नंदा गौरा योजना के तहत करीब पांच हजार बेटियों को प्रोत्साहन राशि नहीं मिल पाई है। इसके बावजूद सरकार की ओर से योजना में फिर से आवेदन मांग लिए गए हैं। इससे अभिभावकों में असमंजस की की स्थिति बन गई है। इंटर पास करने वाली और बेटियों के जन्म पर ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 30 नवंबर है।

बेटियां और उनके परिजन बेसब्री से प्रोत्साहन राशि का इंतजार कर रही हैं। ऐसे में नए पात्र भी सोच रहे हैं कि वह फार्म भरें या नहीं। क्योंकि, जब पहले वालों की ही प्रोत्साहन राशि नहीं मिली है तो उनका नंबर तो न जाने कब आएगा। बीते वित्तीय वर्ष 2022-23 में 1253 नवजात बेटियों के परिजनों और इंटर पास करने वाली 4051 कन्याओं ने आवेदन किए थे। कुल 5304 बेटियों को सहायता राशि के आवेदन स्वीकृत किए गए थे। नई जन्म लेनी वाली बेटियों को 13783000 और इंटर पास करने वाली लड़कियों को 206601000 रुपये की धनराशि दी जानी है। दोनों मिलाकर सरकार को योजना का लाभ देने के लिए 220384000 का बजट जारी करना है। आवेदन करने वाली कन्याएं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से लेकर विभाग के अधिकारियों के चक्कर काट रही हैं, पर प्रोत्साहन राशि के लिए उन्हें कोई जवाब नहीं मिल रहा है। वहीं, अब दूसरे वित्तीय वर्ष के लिए विभाग ने आवेदन जमा करवाने शुरू कर दिए हैं।

यह है योजनाः उत्तराखंड सरकार के महिला सशक्तीकरण एवं बाल विकास विभाग की ओर से बेटियों के जन्म और इंटरमीडिएट की परीक्षा उत्तीर्ण करने वाली कन्याओं को प्रोत्साहन राशि दी जाती है। इसमें नई जन्मी बेटियों को 11 हजार रुपये और इंटर पास करने पर 51 हजार रुपये की राशि एकमुश्त दी जाती है।

योजना के लाभार्थियों को निदेशालय स्तर से पैसा जारी होना। इसमें लाभार्थियों के बैंक खाते में सीधे पैसा ट्रांसफर कर दिया जाएगा, लेकिन अभी तक बजट जारी नहीं होने से पैसा ट्रांसफर नहीं हुआ है।

# प्रतिमा क्षतिग्रस्त करने का आरोपी गिरफ्तार, मूर्ति बरामद

हरिद्वार। ज्वालापुर क्षेत्र में लाल पुल के पास बने मंदिर में प्रतिमा क्षतिग्रस्त करने के साथ मूर्ति चोरी कर फरार हुए युवक को ज्वालापुर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया। घटना शनिवार शाम की है। रेलवे के लाल पुल के समीप रेलवे लाइन किनारे एक मंदिर है। शनिवार शाम एक युवक मंदिर में घुस गया था। इसी दौरान वहां पहुंचे श्यामनगर कालोनी निवासी श्रद्धालुओं को देखकर युवक सकपका गया।

उन्होंने उसे पकडन्ना चाहा, लेकिन वह फरार हो गया। इधर, श्रद्धालुओं ने पाया कि मंदिर सामान बिखरा पड़ा था। एक प्रतिमा भी क्षतिग्रस्त थी और गायब भी थी। सूचना मिलने पर ज्वालापुर कोतवाली प्रभारी विजय सिंह, एसएसआई संतोष सेमवाल और रेल चौकी प्रभारी देवेंद्र तोमर पहुंचे। घटना की जानकारी लेने के बाद उमेश मिश्रा निवासी श्यामनगर कालोनी की तरफ से इस संबंध में मुकदमा दर्ज कराया गया था। कोतवाली प्रभारी विजय सिंह ने बताया कि आरोपी कासिफ निवासी मोहल्ला तेलियान को भगत सिंह चौक के पास बने शौचालय के पास से पकड़ा गया, जिसके कब्जे से चोरी की गई मूर्ति भी बरामद की गई। आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

# पहाड़ों से हो रहा पलायन बेहद चिंताजनक : मनीष खंडूरी

ऋषिकेश। कांग्रेस नेता मनीष खंडूरी ने कहा कि पयालन प्रदेश के लिए बड़ी समस्या है। रोजगार की चाह प्रदेश के युवाओं को पलायन करने के लिए मजबूर कर रही है। सरकार को पहाड़ों में ही रोजगार के लिए ठोस नीति बनानी चाहिए। सोमवार को कांग्रेस नेता मनीष खंडूरी डोईवाला पहुंचे। उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से संवाद स्थापित करते हुए पहाड़ में हो रहे लगातार पलायन पर अपना दर्द बयां किया। साथ ही कार्यकर्ताओं की समस्याओं को भी सुना। उन्होंने कहा कि वे वर्ष 2019 में कांग्रेस से पौड़ी लोकसभा के प्रत्याशी रहे, इसके बाद उन्होंने पहाड़ के कई गांवों का भ्रमण किया और रात्रि विश्राम भी किया। भ्रमण के दौरान ऐसे कई गांव देखे, जहां पलायन एक बड़ी समस्या है। गांव के गांव आज सुनसान हो चुके हैं। जबकि यहां के युवा हर क्षेत्र में माहिर है, लेकिन रोजगार की चाह इन युवाओं को पलायन करने को मजबूर कर रही है। ऐसे में सरकार को पलायन रोकने के लिए पहाड़ों में ही रोजगार की ठोस नीति बनाने की जरूरत है। साथ ही उन्होंने अग्निवीर योजना को गलत ठहराया। मौके पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष मोहित उनियाल, मनोज नौटियाल, नगर अध्यक्ष करतार नेगी, सुनील, कांग्रेस नेता एसपी सिंह, सागर मनवाल, राजबीर खत्री, महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष अंशुल त्यागी, सावन राठौर, आरिफ़ अली, मुकेश प्रसाद, गौरव मल्होत्रा, संजय खत्री, अब्दुल क़ादिर, भारत भूषण, ब्लॉक अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, रश्मि देवराड़ी आदि मौजूद रहे।

# कैंट बोर्ड स्कूल में बच्चे सीखेंगे स्केटिंग

रुडक़ी। कैंट बोर्ड रुडक़ी की ओर से एक अच्छी पहल की शुरुआत की गई है। कैंट बोर्ड द्वारा संचालित स्कूलों में अब बच्चों को स्केटिंग भी सिखाई जाएगी। सोमवार को कैंट बोर्ड कार्यालय परिसर में स्केटिंग का आयोजन किया गया। कैंट बोर्ड के सीईओ विशाल सारस्वत ने बताया कि इस आयोजन में बड़ी संख्या में बच्चों ने प्रतिभाग किया। स्केटिंग प्रशिक्षक प्रिंस पाल ने बच्चों को स्केटिंग करवाई और इसके महत्व के बारे में बताया। सीईओ ने बताया कि छावनी परिषद रुडक़ी के कैंट बोर्ड स्कूल में बच्चों को प्रतिदिन शाम को स्केटिंग सिखाई जाएगी।

# "ऑपरेशन मुक्ति" को मासूमों की मुस्कान बनाने वाले डीजीपी अशोक कुमार को सलाम

## न्यूज वायरस नेटवर्क को "ऑपरेशन मुक्ति" फिल्म निर्माण के लिए मिला सम्मान

**डीजीपी अशोक कुमार ने दिया भावुक संदेश , शानदार कार्यकाल को किया याद**

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून , 22 नवंबर , एक भावुक पल , एक उपलब्धियों भरा समारोह और मित्र पुलिस को सशक्त बनाने में शानदार किरदार निभाने वाले डीजीपी अशोक कुमार का ''ऑपरेशन मुक्ति'' की कामयाबी का दिन ... एक चौराहे पर भिक्षा मांगते बच्चों को देखकर जब डीजीपी अशोक कुमार ने इस अभियान का बीज बोया था तो उम्मीद की थी कि एक दिन ये मिशन हज़ारों मासूम आँखों में सुनहरे भविष्य की चमक बिखेरेगा।

आज जब उनका मिशन एक अभियान बन चुका है तो उन्होंने न सिर्फ पुलिस परिवार को बल्कि पुरे समाज को बड़ा संदेश दिया। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड पुलिस का यह अभियान भिक्षा नहीं शिक्षा की ओर अग्रसर है। 'हर हाथ में हो किताब' इस उद्देश्य के साथ पुलिस विभाग द्वारा अन्य संस्थाओं के सहयोग से ऑपरेशन मुक्ति अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बच्चों को उनका बचपन देना जरुरी है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि बच्चों को भिक्षा देकर हम उनकी मदद नहीं करते, बल्कि उन्हें भिक्षावृत्ति की ओर धकेल रहे हैं। जिसके दूरगामी परिणाम समाज के हित में नहीं हैं।

ड्रॉपआउट की समस्या पर उन्होंने ऑपरेशन मुक्ति टीम को सम्बोधित करते हुए कहा कि बच्चों की स्कूली शिक्षा दीक्षा एवं कल्याण के लिए प्रचलित सरकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर बच्चों को उनसे भी लाभान्वित करने का प्रयास करें। वर्ष 2017 से प्रारम्भ किये गये इस अभियान में अभी तक 3603 बच्चों का स्कूल में दाखिला कराया गया है। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि ऑपरेशन मुक्ति अभियान में पुलिस कर्मियों की विशेष कार्ययोजना से मिले सकारात्मक परिणाम हम सबके सामने हैं।











आपको बता दें कि उत्तराखंड के डीजीपी अशोक कुमार ने बच्चों को भिक्षावृत्ति के मार्ग से हटाने के उद्देश्य से साल 2017 में इस अभियान की शुरुआत की थी, तब से यह अभियान लगातार चलाया गया। .बच्चों द्वारा की जा रही भिक्षावृत्ति की प्रभावी रोकथाम करने, भिक्षा न दिये जाने के संबंध में जनता को जागरूक करने, भिक्षावृत्ति में लिप्त बच्चों को शिक्षा हेतु प्रेरित करने व उनके पुनर्वास हेतु नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करने हेतु उत्तराखंड के पुलिस महानिदेशक अशोक कुमार के निर्देशानुसार समस्त जनपदों में ₹ऑपरेशन मुक्ति₹ अभियान ने देश भर में वाहवाही बटोरी और अभियान की थीम ₹भिक्षा नहीं, शिक्षा दें₹ व ₹Support to educate a child₹ को जनता का भी खूब सपोर्ट मिला।

ऑपरेशन मुक्ति अभियान तीन चरणों में चलाया जाता है...

पहला चरणः (Observation Period) भिक्षावृत्ति में लिप्त बच्चों व उनके परिवारों का पूर्ण विवरण संलग्न प्रारूप में तैयार करना तथा ऐसे बच्चे जिनका विद्यालयों/डे केयर में दाखिला किया जाना है, को चिह्नित करना.

दूसरा चरणः- (Awareness/Enforcement Period) समस्त स्कूल-कॉलेजों, सार्वजनिक स्थानों, महत्वपूर्ण चौराहों, सिनेमाघरों, बस व रेलवे स्टेशनों, धार्मिक स्थलों आदि स्थानों पर बच्चों को भिक्षा न दिये जाने के संबंध में बैनर, पोस्टर, नुक्कड़ नाटक, लाउड स्पीकर, लघु फिल्म व सोशल मीडिया आदि के माध्यमों से जागरूकता अभियान चलाकर जनता को जागरूक करना.

तीसरा चरणः-(Enforcement/Rehab Period) भिक्षावृत्ति में लिप्त बच्चों को भिक्षावृत्ति से हटाकर उनके तथा उनके माता-पिता की कॉउन्सलिंग कर बच्चों को शिक्षा प्रदान करने तथा उनके माता-पिता को रोजगार दिलाने का प्रयास करना. बच्चों के पुनः भिक्षावृत्ति में लिप्त पाये जाने पर उनके माता/पिता के विरूद्ध अभियोग पंजीकृत कर कार्यवाही करना तथा किसी भी प्रकार का संदेह होने पर डीएनए टेस्ट की कार्यवाही करना.

अभियान के अन्तर्गत जनपद देहरादून, हरिद्वार, ऊधमसिंहनगर, नैनीताल में चार टीमों (उपनिरीक्षक-1, आरक्षी-4) का गठन किया गया है. शेष जनपदों में एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट की टीम द्वारा उक्त अभियान को चलाया जा रहा है. रेलवेज में भी एक टीम का गठन किया गया है. ₹ऑपरेशन मुक्ति₹ अभियान के दौरान बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम 2016 (संशोधन) की धारा 3 व 3ए के अपराध, किसी भी प्रकार के गैंग के प्रकाश में आने अथवा किसी अपराध का होना पाये जाने पर तत्काल सम्बन्धित अधिनियम व धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर वैधानिक कार्यवाही अमल में लायी जायेगी. साथ ही बच्चों से भिक्षावृत्ति कराने में यदि बच्चे का वास्तविक प्रभार अथवा नियंत्रण रखने वाले की भूमिका पायी जाती है, तो किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम 2015 की धारा 76 के अनुसार नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी.



